तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026



आदिवासी ब्लाकों में बिछेगी सड़कों का जाल 32 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण





## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों की बैठक कल

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आवश्यक बैठक 21 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा उपस्थित प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी।

### 1 मार्च से लगेगा समाधान शिविर



**रायगढ़।** जिले में समग्र विकास सुनिश्चित करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि और पेयजल सहित बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, महापौर जीवर्धन चौहान, सभी जनपदों के जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यगण, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार ने योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 01 मार्च से समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ा दो जुआरी



**रायगढ़।** जिले में जुआ.सट्टा जैसे अवैध कृत्यों पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 18 फरवरी को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चांदमारी स्थित ईदगाह के पास जुआ खेलने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को मौके पर पहुंचता देख कुछ जुआरी अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए, वहीं पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में तिलक विश्वकर्मा पिता महदिल विश्वकर्मा, उम्र 48 वर्ष निवासी तुर्रीपारा रायगढ़ तथा उसत राम यादव पिता ननकी राम यादव, उम्र 51 वर्ष निवासी टिकरापारा शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से नगदी रकम 8,200 रुपए तथा ताश के 52 पत्ते जप्त किए गए हैंए जिनका उपयोग जुआ खेलने में किया जा रहा था। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में जुआ एक्ट की कार्रवाई के साथ पृथक से धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### मोहल्ले के किसी को नहीं दी सूचना, गाड़ी खड़ी हुई तो पूछताछ करने पहुंचे लोग

# इंदिरा नगर और चांदनी चौक पुल निर्माण के लिए सेतु निगम ने औपचारिकता में निपटा दी जनसुनवाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- प्रभावितों को भी नहीं दी गई जानकारी, वार्ड पार्षदों ने भी जताया विरोध, किसी को सूचना ही नहीं

इंदिरा नगर और चांदनी चौक में पुल निर्माण को लेकर बुधवार और गुरुवार को भू-अर्जन के लिए रखी गई जनसुनवाई सेतु निगम के अधिकारियों ने औपचारिकता में ही निपटा दिया। औ प चा रि क ता इसलिए कही जा रही है क्योंकि जिस वार्ड में निर्माण होना है वहां के किसी को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। इतना ही नहीं वार्ड पार्षदों को भी इसकी किसी तरह की सूचना नहीं दी गई।

गुरुवार को मोहल्ले और पार्षद तब पहुंचे जब केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित मंगल भवन में जनसुनवाई के लिए पहुंचे सेतु निगम के अधिकारियों की सरकारी गाड़ी खड़ी हुई। लोगों ने उत्सुकता वश ही वहां पहुंच गए और उनका भू-अर्जन के लिए जन सुनवाई की जानकारी मिली। खास बात यह है कि इस निर्माण से दोंनों वार्ड के दर्जनों लोग प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन उनको भी सूचना नहीं दी गई थी।

इससे पार्षदों के साथ मोहल्लेवासियों में आक्रोश भी देखने को मिला। दर्जनों लोगों ने इस पर आपत्ति जताई है। केवड़ाबाड़ी बस स्टेंड से इंदिरा नगर के बीच स्थित नाले पर पुल निर्माण किया जाएगा। पुल की लंबाई करीब 90 मीटर होगी। इसकी लागत करीब 512 लाख के आसपास है। दूसरी ओर इस पुल निर्माण के बाद करीब 220 मीटर का एप्रोच रोड भी बनाया जाएगा। इसमें इंदिरा नगर की ओर से 110 मीटर तो केवड़ाबाड़ी बस स्टेंड की ओर से 10 मीटर शामिल है। खास बात यह है कि जहां से पुल और एप्रोच रोड़ का निर्माण किया जाएगा वहां दुकान और मकान मिलाकर 100 से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन केवल दो लोगों को यहां मुआवजा प्रावधान किया गया है। बाकी लोगों को नजूल जमीन में बसने की बात कही जा रही है। इसी तरह चांदनी चौक से राजामहल के बीच स्थित नाले पर पुल निर्माण किया जाएगा। इस पुल की लंबाई करीब 66 मीटर होगी। पुल निर्माण की लागत 221.96 लाख बताया जा रहा है। दोनों ओर एप्रोच रोड बनाया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 104 मीटर है। राजमहल की ओर 50 और चांदनी चौक की ओर से 54 मीटर हे। एप्रोच रोड की लागत 177.39 लाख है। दोनों पुल में दर्जनों लोग प्रभवित हो रहे हैं। इनको मुआवजा मिलेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है।

#### केवल दो को माना जा रहा प्रभावित

केवड़ाबाड़ी बस स्टेंड से इंदिरा नगर के बीच स्थित नाले पर पुल निर्माण किया जाएगा। इसके दोनों ओर एप्रोच रोड बनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस निर्माण में केवल दो लोगों को ही प्रभावित माना गया है। इसमें एक को 15-15 करोड़ का मुआवजा पत्रक तैयार किया गया है। इसके अलावा अन्य किसी भी प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिलेगा। यह सेतु निगम की ओर से तैयार किए गए मुआवजा पत्रक कह रहा है। जिन दो लोगों को प्रभावित माना गया है उनकी जमीन 232.34 वर्गमीटर इसके जद में आने की बात कही जा रही है।

#### जिस दिन सुनवाई उसी दिन सूचना प्रकाशन

सेतु निगम के अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी इसी बात से चलता है कि जिस दिन सुनवाई होनी है उसी दिन सूचना प्रकाशित की गई है। जानकारी के अनुसार चांदनी चौक पुल निर्माण के लिए 18 फरवरी का जन सुनवाई रखी गई थी। इसी दिन इसके लिए सूचना का प्रकाशन किया गया था। ऐसे में किसी को पता भी नहीं चला और जनसुनवाई पूरी भी हो गई। खास बात यह है कि जानकारी नहीं होने की वजह से जनसुनवाई के दौरान कोई भी प्रभावित और मोहल्ले के लोग नहीं पहुंचे थे। याने बिना कोरम पूरा किए ही जनसुनवाई पूरी हो गई। इसी तरह 19 को की गई जन सुनवाई के लिए तो सूचना का प्रकाशन भी नहीं की गई थी। याने केवल औपचारिकता में ही इसे पूरा कर लिया गया। दूसरी ओर इसमें राजस्व विभाग कोई अधिकारी भी नहीं पहुंचा था।

### पुलिस ने की कार्रवाई शराब, गांजा और मोबाइल जब्त



**रायगढ़।** पुलिस ने शराब, गांजा, वाहन, मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली और चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले लोगों कें खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। कोतवाली पुलिस ने सर्किट हाउस तिराहा, बडेरामपुर रोड और रामपुर तिराहा के पास रोहित साहू, रजनीश पटेल और सूरज यादव को खुलेआम शराब सेवन करते पकड़ा। वहीं चक्रधरनगर पुलिस ने मरीन ड्राइव रोड पंजरी प्लांट और सिग्नल चौक के पास भोजराम सिदार, परसराम श्रीवास और सूरज श्रीवास को सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली एवं चक्रधरनगर में धारा 36, च आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



टीपी नगर में खड़े ट्रकों से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से ट्रक से चोरी की गई 2 नग बैटरी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

आनंद अग्रवाल 46 ने 17 फरवरी को जूटमिल थाने में बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीएफ 8511 का चालक 15 फरवरी की शाम ट्रक को मिशनरी ऑफ चैरिटी, छातामुड़ा रोड के सामने खड़ा कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब चालक ट्रक के पास पहुंचा तो देखा कि बैटरी बॉक्स टूटा हुआ है और उसमें लगे 02 नग बैटरी चोरी हो चुके हैं।बाद में जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303,2,3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र का रहने वाला ननकी निषाद उर्फ चिल्ली चोरी की बैटरी बेचने के लिए ट्रक चालकों से संपर्क कर रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही ननकी निषाद उर्फ चिल्ली निवासी सांगीतराई डीपापारा को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी मिथलेश महतो निवासी टुरकुमुड़ा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। बैटरी को मिथलेश महतो के घर में रखनें की जानकारी दी। पुलिस ने चोरी की 02 नग बैटरी कीमती 15 हजार बरामद कर लिया है। आरोपी ननकी निषाद उर्फ चिल्ली पेशे से ड्राइवर है, जबकि सह आरोपी मिथलेश महतो के विरुद्ध थाना जूटमिल में हत्याए आगजनी, आबकारी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### घरघोड़ा में प्लेसमेंट कैंप 24 को

**रायगढ़।** ई.रोजगार पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 24 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे से शासकीय आईटीआई परिसर घरघोड़ा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र की विभिन्न रिक्तियों को भरने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप में शामिल होने के लिए आवेदक का ई.रोजगार पोर्टल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इस प्लेसमेंट कैंप मेंण्परिश्रम रिसोर्स प्रा. लि. गुरुग्राम हरियाणा द्वारा मीटर इंस्टॉलर एवं सुपरवाइजर के 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आईटीआई एवं नॉन आईटीआई अभ्यर्थी पात्र होंगे तथा वेतनमान 15.000 से 25.000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है।

## पीएससी के लिए बनाए गए 14 परीक्षा केंद्र, साढ़े 3 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पीएसपी प्रारंभिक परीक्षा 2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए रायगढ़ में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 3,515 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम, सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है वे अपने नाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने पास केवल निम्न वस्तुएं रख सकेंगे। इनमें लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल, केवल संबंधित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट, मूल पहचान पत्र जैसे.मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अथवा ई.आधार कार्ड, यदि प्रवेश पत्र परीक्षा का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 2 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन, ऐसी विवरणात्मक परीक्षा जिसमें चित्र बनाए जाने की आवश्यकता हो तब इस हेतु आयोग द्वारा एचबी पेंसिल के प्रयोग की अनुमति होगी।

## केद्राध्यक्ष बनाते ही पड़े बीमार, 12 सेंटर प्रभारियों का कटा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ठीक परीक्षा के एक दिन पहले बोर्ड के 12 केंद्राध्यक्षों को शिक्षा विभाग ने बदल दिया है। इसमें कोई बीमार पड़ गया तो कोई कुछ और समस्या से अपना नाम कटवा लिया है। बोर्ड की ओर से जो सूची सेंटर प्रभारियों की जारी की गई थी उसमें इतने लोग बदल गए हैं। उनके स्थान पर किसी अन्य को सेंटर प्रभारी बनाया गया है। दूसरी ओर आज सें बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ चालू हो रहा है। इस दौरान अचानक जिला और ब्लॉक स्तर के उड़नदस्ता किसी भी परीक्षा केंद्र में छापेमारी कर सकते हैं। पहले दिन कक्षा 12 वीं भूगोल और भौतिक शास्त्र की परीक्षा होगी। शिक्षा विभाग का खेल कोई समझ ही नहीं सकता। यहां अटैचमेंट करने से लेकर बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए सेंटर प्रभारी तक का नाम काटा जा सकता है। माशिमं की ओर से 109 सेंटर प्रभारियों की लिस्ट जारी की गई थी। इसमें ठीक परीक्षा के एक दिन पहले करीब 12 केंद्राध्यक्षों का नाम काट दिया गया है। उनके बदले अन्य प्राचार्य और शिक्षकों की तैनाती की गई है। काटे गए अधिकांश लोग बीमार हो गए हैं। कोई बाथरुम में गिर गया है तो किसी का ऑपरेशन हुआ है। खास बात यह है कि सरकार यदि कोई व्यक्ति अक्षम है तो नौकरी करने के बजाए वीआरएस लेने कहती है।

#### कंट्रोल रुम में आधे घंटे पहले बताएंगे जाना कहा है

परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता टीम को कहां जांच करने जाना है इसकी जानकारी कंट्रोल रुम पहुंचने के बाद ही देंगे। याने परीक्षा से आधे घंटे पहले ही उनको बताया जाएगा किस ब्लॉक में जांच करने जाना है। कंट्रोल रुम में आमद देने के बाद सभी दल को रवाना किया जाएगा। रवानगी के समय उनके दल प्रभारी को बता दिया जाएगा कहां जाना है। पहले तो मैसेज सिस्टम चलता था। याने कंट्रोल रुम से रवानगी के बाद रास्ते में उनको पता चलता था कहां जाना है। 7 उड़नदस्ता दल जिला स्तर के लिए बनाया गया है। हर दल में चार-चार लोगों की तैनाती की गई है। इसमें एक दल प्रभारी बनाया गया है।

### बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के 16 कर्मचारियों ने ई-श्रम एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में कराया पंजीयन

**रायगढ़।** श्रम विभाग द्वारा बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल परिसर में ई.श्रम पंजीयन एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संबंधी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान अस्पताल के 16 कर्मचारियों ने योजनाओं के अंतर्गत अपना पंजीयन कर लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ई.श्रम पोर्टल पर पंजीयन के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होती है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात 3 हजार प्रति माह की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है।

### टेलीकॉम अधिकारी बनकर बोला- पहचान पत्र से लिए गए मोबाइन नंबर से हो रहा गलत काम

# मनी लॉड्रिंग में फंसाने का दिखाया डर, ठग लिए 37 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- पुलिस अधिकारी बनकर किया वीडियो कॉल, दिखाया गिरफ्तारी का डर

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरुकता अभियान का कोई असर नजर नहीं आ रहा है। हालात यह है कि पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण बिजली विभाग के रिटायर्ड पर्यवेक्षक से 37 लाख ठगी है।

इस रिटायर्ड कर्मचारी को मनी लॉड्रिंग में फंसाने का डर दिखाकर सीबीआई, टेलीकॉम और पुलिस अधिकारी बनकर ठगी की गई है।



पीड़ित ने इसकी शिकायत 17 फरवरी को साइबर पुलिस में की है। पुलिस ने धारा 308 (6) 318, (4) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह जनवरी 2022 में सीएसपीडीसीएल से परिवेक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ है। 14 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात महिला का कॉल आया, जिसने स्वयं को टेलीकॉम रेगुलेटरी अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया से संबंधित बताते हुए कहा कि उसके पहचान पत्र का उपयोग कर जियो कंपनी का मोबाइल नंबर लेकर गलत गतिविधियां की जा रही हैं।

इसके बाद कॉल को तथाकथित टेलीकॉम अधिकारी एवं दिल्ली के बारह खंभा रोड पुलिस स्टेशन के फर्जी अधिकारी से कनेक्ट कराया गया। जिन्होंने पीड़ित को मनी लॉनड्रिंग केस में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी दी। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो कॉल कर स्वयं को आईपीएस अधिकारी नीरज ठाकुर बताया और पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाते हुए कहा कि उसके खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज है और उसे जांच में सहयोग करना होगा। ठगों ने पीड़ित से उसके बैंक खाते, संपत्ति और अन्य वित्तीय जानकारी ली तथा यह कहकर अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवाई कि जांच पूरी होने के बाद राशि वापस कर दी जाएगी। ठगों की धमकी और दबाव में आकर पीड़ित ने 30 जनवरी से बीते 11 फरवरी के बीच 36 लाख 97 हजार 117 रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराया गया। बाद में परिजनों को जानकारी होने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ जिसके बाद साइबर थाना में शिकायतकर्ता आने पर तत्काल रिपोर्ट करने पर लगभग 2 लाख रुपए होल्ड कराया गया। पीड़ित के रिपोर्ट पर रायगढ़ साइबर थाने द्वारा बैंक खातों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की ली मैराथन बैठक

**सारंगढ़।** गर्मी के पहले जिले के सभी गांवों तक जल पहुंचाने के लक्ष्य के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में गुरुवार को सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक अलग अलग पाली मेंए जिले के तीनों ब्लॉकों के सरपंचए सचिव एवं ठेकेदारों की जिला स्तरीय मैराथन बैठक लेकर जल जीवन मिशन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधूरे कार्यों पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम से पहले हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराना है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सुंदरगढ़ में गृहरक्षी चयन पर अनियमितता का आरोप

**सुंदरगढ़।** जिले में गृहरक्षी होमगार्ड चयन प्रक्रिया को लेकर कथित अनियमितताओं के आरोपों से विवाद गहराता जा रहा है। मंडल कार्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अभ्यर्थियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में 108 गृहरक्षी पदों के लिए कुल 194 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 147 अभ्यर्थियों का चयन नियमित प्रक्रिया के तहत किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि शेष आवेदकों ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि पात्रता मानदंडों और प्राथमिकता नियमों की अनदेखी कर जल्दबाजी में चयन सूची जारी की गई।

### देवगढ़ जिले के 364 गांव और 11 वार्ड बाल विवाह मुक्त घोषित

**देवगढ़, ओडिशा।** राज्य सरकार के 2030 तक ओडिशा को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य के तहत देवगढ़ जिले में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिले के 364 गांव और नगर क्षेत्र के 11 वार्डों को अब आधिकारिक तौर पर बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। जिले में यह पहल स्वयंसेवी संस्थाओं, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विद्यालय एवं जन शिक्षा विभाग और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से की गई है। जिला प्रशासन ने सभी गांवों में बाल विवाह निषेध टास्क फोर्स का गठन किया है, जो सरपंच और संबंधित ब्लॉक के बीडीओ की अध्यक्षता में काम कर रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी विवाहों का पंजीकरण कर रही हैं और बाल विवाह की सूचना देने वालों को 3,000 रुपये का पुरस्कार देने की व्यवस्था भी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रोमियो महापात्रा के अनुसार, द्वितीय चरण में ठंतावजम ब्लॉक के 140ए त्मंउंस ब्लॉक के 116, ज्पसमपइंदप ब्लॉक के 108 गांव और नगर क्षेत्र के 11 वार्डों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है।

### शहर के प्रमुख क्षेत्रों में एसपी की निगरानी में विशेष अभियान

**सुंदरगढ़।** सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर थाना पुलिस ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में सघन रात्रि गश्त अभियान चलाया। इस अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक, सुंदरगढ़ के निकट पर्यवेक्षण में किया गया। अभियान के दौरान सर्वोच्च सुरक्षा उपायों के तहत संवेदनशील स्थानों, व्यावसायिक क्षेत्रों, रिहायशी इलाकों, राजमार्गों और नगर सीमा के अन्य बिंदुओं पर विशेष नजर रखी गई। देर रात पुलिस टीमों ने सघन वाहन जांचए संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और आम लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संभावित अपराधियों में भय उत्पन्न करना और कानून का पालन करने वाले नागरिकों को सुरक्षा की भावना देना था। प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में वर्दीधारी जवानों और गश्ती वाहनों की उपस्थिति ने नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया। पुलिस अधीक्षक सुंदरगढ़ ने जिले में शांति बनाए रखने और चौबीसों घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### नवीनीकरण कार्यों से ऐतिहासिक स्मारकों के क्षतिग्रस्त होने का आरोप

**राउरकेला।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल वेदव्यास पहाड़ पर चल रहे नवीनीकरण कार्यों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि आधुनिकीकरण के नाम पर यहां की प्राचीन धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 1990 के दशक में वेदव्यास पहाड़ पर विभिन्न विकास कार्य प्रारंभ हुए थे। बाद में सीढ़ियों का निर्माण, पार्क का विकास और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए गए। हालांकि वर्तमान में जारी नवीनीकरण को लेकर कई आपत्तियां सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राचीन स्थापत्य, स्मृति चिह्नों और ऐतिहासिक संरचनाओं को संरक्षित करने के बजाय उन्हें हटाकर नए ढांचे तैयार किए जा रहे हैं। इससे न केवल इस क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान प्रभावित हो रही हैए बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि सभी विकास कार्य नियमानुसार और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसारए क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग है कि विकास कार्यों के साथ साथ ऐतिहासिक विरासत और प्राकृतिक संरचना की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए तथा संतुलित और पारदर्शी तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए।

### अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई की मांग तेज

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस द्वारा जिले में हाल के दिनों में स्क्रैप माफिया, गांजा, अफीम, जुआ सट्टा और म्यूल अकाउंट जैसे आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ चलाए गए सफल अभियानों के बाद अब आम जनता की नजर अवैध देशी और कथित नकली विदेशी शराब के कारोबार पर संभावित कार्रवाई की ओर है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि राउरकेला क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में शराब की आपूर्ति आसपास के जिलोंकृसुंदरगढ़ जिला, झारसुगुड़ा जिला, संबलपुर जिला, देवगढ़ जिला और बरगढ़ जिलाकृतक किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार से जुड़े कुछ नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय बताए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि इन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान होगा, बल्कि अपराध दर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### ओडिशा में मैट्रिक परीक्षा शुरू, 5.61 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल

**राउरकेला।** हाई स्कूल सर्टिफिकेट मैट्रिकद्ध परीक्षा आज पूरे ओडिशा में प्रारंभ हो गई। इस वर्ष कुल 5 लाख 61 हजार 979 विद्यार्थी राज्यभर के 3,082 परीक्षा केंद्रों पर शामिल हो रहे हैं। सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला समेत विभिन्न केंद्रों पर विद्यार्थी सुबह 7.30 बजे से ही पहुंचने लगे। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होकर 11.30 बजे समाप्त हुई।

---

परिवार के सदस्यों को समय रहते निकाला गया बाहर

# बड़बिल में कपड़ा व्यापारी के घर-गोदाम में लगी आग, लाखों का माल राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़बिल

शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी के घर और गोदाम में मंगलवार तड़के भीषण आग लगने से लाखों रुपए मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि परिवार के नौ सदस्य समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए और एक बड़ी जनहानि टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 6 स्थित मोनी टावर के सामने शहर के प्रसिद्ध प्रतिष्ठान परिवार क्लॉथ स्टोर के संचालक के आवास एवं गोदाम में सुबह लगभग 4 बजे अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने निचली मंजिल से पहली मंजिल तक विकराल रूप धारण कर लिया। घर से धुआं उठता देख एक राहगीर ने तुरंत दरवाजा खटखटाकर परिवार को सतर्क किया। उस समय दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार के सदस्यकृजिनमें तीन वर्ष और डेढ़ वर्ष की दो मासूम बच्चियां भी शामिल थीं घबराहट के बीच सुरक्षित रास्ते से बाहर निकलने में सफल रहे। कुल नौ लोग इस हादसे में बाल.बाल बच गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभ में एक दमकल वाहन आग पर काबू पाने में असफल रहा।

इसके बाद समीपवर्ती दमकल केंद्र और जिंदल कंपनी के सहयोग से कुल चार दमकल गाड़ियों ने लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाताए तो आसपास के मकानों और मोनी टावर तक आग फैलने की आशंका थी।



# ऑनलाइन क्रिकेट बेटिंग हवाला रैकेट पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर को अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार तड़के पुलिस ने आधा दर्जन थानो के प्रभारी व दो ज़ोनल डीएसपी की अगुवाई में शहर भर में व्यापक मेगा ऑपरेशन चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई ऑनलाइन क्रिकेट बेटिंग, हवाला के जरिए धन के लेन देन और म्यूल बैंक अकाउंट के उपयोग से जुड़े संगठित नेटवर्क के खिलाफ की गई।

पुलिस कप्तान नितेश वाधवानी के निर्देश पर उदितनगर, प्लांट साइट, बंडामुंडा और रघुनाथपाली थाना क्षेत्रों की संयुक्त टीमों ने गोपनीय रणनीति के तहत एक साथ दबिश दी, ताकि किसी को पूर्व सूचना न मिल सके। बिरसा डाहर, बंडामुंडा, लाल बिल्डिंग गली सहित दर्जनभर से अधिक संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ छापेमारी से शहर में हलचल मच गई। स्थानीय लोग सुबह से ही पुलिस गतिविधियों पर नजर बनाए रहे। सूत्रों के अनुसार, हाल में एक व्यक्ति द्वारा लगभग एक करोड़ रुपए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी में गंवाने की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच तेज की थी। प्रारंभिक पड़ताल में यह संकेत मिले हैं कि आरोपितों का नेटवर्क बेनामी खातों के प्रदाताओं और हवाला ऑपरेटरों से जुड़ा था।

इन्हीं माध्यमों से अवैध धन के लेन देन को अंजाम दिया जा रहा था। अब तक 20 लाख रुपए से अधिक नकद राशि बरामद की जा चुकी है। छह व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए जांच और छापेमारी जारी है।

---

### क्लब फुट का समय पर इलाज बना बच्चों के लिए वरदान, पोंसेटी तकनीक से मिल रही नई जिंदगी



**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में अब तक 260 से अधिक बच्चों को जन्मजात क्लब फुट बीमारी से सफलतापूर्वक निजात दिलाई गई है जिससे वे जीवनभर की संभावित दिव्यांगता से बच सके हैं। यह उपलब्धि सिविल सर्जन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल के मार्गदर्शन तथा अस्थि रोग विभाग के मुख्य चिकित्सक डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. विमल नायक और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सिद्धार्थ सिन्हा की समर्पित टीम के प्रयासों से संभव हो पाई है। क्लब फुट एक जन्मजात जन्म से मौजूद पैर की विकृति है जिसमें बच्चे का पैर सामान्य स्थिति में न होकर अंदर की ओर मुड़ा हुआ या नीचे की तरफ झुका हुआ होता है। इस स्थिति में बच्चा पैर को सीधा नहीं रख पाता। चिकित्सकीय भाषा में इसे कॉनजेनिटल टैलिपीस इक्विनोवेरस सीटीईवी कहा जाता है। यदि समय पर उपचार न मिले तो बच्चे को चलने फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### राउरकेला, सुंदरगढ़ में पराली जलाने से बढ़ा प्रदूषण, रोक की मांग



**राउरकेला।** राउरकेला सहित सुंदरगढ़ जिले में धान कटाई के बाद खेतों में बची पराली जलाने की प्रवृत्ति धीरे धीरे बढ़ती जा रही है, जो अब चिंता का विषय बनती जा रही है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की तरह यहां भी किसान फसल अवशेषों को जलाकर खेत साफ करने का आसान रास्ता अपना रहे हैं। इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और आसपास के इलाकों में सांस संबंधी समस्याओं की आशंका भी बढ़ रही है। हाल ही में बोनाई वन खंड में पराली जलाने के कारण आग फैलने की घटना सामने आईए जिससे पास के जंगल क्षेत्र को खतरा उत्पन्न हो गया।

### पानपोष की टिन दुकानों का टेंडर रद्द



**राउरकेला।** पानपोष बाजार क्षेत्र में स्थित टिन दुकानों के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया को प्रशासन ने रद्द कर दिया है। इस निर्णय की जानकारी मिलते ही स्थानीय व्यापारियों के बीच चर्चाओं का दौर तेज हो गया। सूत्रों के अनुसार, पानपोष क्षेत्र की लगभग 40 टिन दुकानों के आवंटन के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और पक्षपात की शिकायतें सामने आईं। व्यापारियों का आरोप था कि निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन नहीं किया गया तथा कुछ आवेदकों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने वर्तमान टेंडर प्रक्रिया को निरस्त करने का निर्णय लिया।

### स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक से उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक




**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के संबंध में जागरूक करने के लिए स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 फरवरी को नगर पवनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा समस्त ग्रामों में 100 प्रतिशत स्मार्ट मीटर स्थापना के लक्ष्य को पूर्ण करना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत के आधार पर पारदर्शी एवं सटीक बिल प्राप्त होता है। इससे अनुमानित बिलिंग, रीडिंग त्रुटि एवं अनावश्यक विवाद की संभावनाएं समाप्त होती हैं।


---

## नगर पंचायत पुसौर में लगातार हो रहा कालोनियों का निर्माण




**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में इन दिनों जमीन खरीदी- बिक्री की बाढ सी आ गई है। पुसौर में भाठिया कालोनी है यह कालोनी 'कालोनी अधिनिय में खरा उतर रहा है या नहीं इस तथ्य पर लोगों का कहना है कि कालोनी अधिनियम के तहत यहां सारी सुविधा एवं व्यवस्था नहीं है लेकिन दस्तावेजों में हैं। एक कालोनी का निर्माण शासकीय महाविद्यालय बोरोडिपा के आगे की गई है। जहां लोग जमीन 700 रुपए स्क्वायर फीट से लेकर 1500 तक खरीदे है और एक नई कालोनी जनपद कार्यालय पुसौर के पीछे लगभग एक एकड जमीन में कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। बहरहाल कालोनी का शक्ल देने जमीन के बीचों बीच रोड बनाया गया है और प्लाट काट काट जमीन बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि 1600 रूपए स्क्वायर फुट में जमीन बेची जा रही है एक प्लाट 30 बाई 60 का है जिसकी कीमत 2 लाख 88 हजार हो सकता है। यह दर रायगढ के मुख्य कालोनियों में नहीं है लेकिन पुसौर में एनटीपीसी और तहसील मुख्यालय होने की वजह से लोग इसे खरीद रहे हैं। उक्त तथ्य पर नगर पंचायत के सीएमओ ललित साहू से जानकारी लेने की कोशिश की गई कि कालोनी निर्माण करने और प्लाट काट कर बेचने में नगर पंचायत की स्वीकृति ली जाती है या नहीं जिसमें सफलता नहीं मिली लेकिन इस पर नगर पंचायत प्रबंधन में रहे लोगों ने बताया कि इसके लिये नगर पंचायत को टेक्स देना पडता है तब कहीं वो प्लाट कर बेच सकता है।

## सरसींवा क्षेत्र में बेखौफ हो रहा लाल ईंट का निर्माण



**सरसींवा।** सरसींवा क्षेत्र में लाल ईंट का अवैध कारोबार अब इक्का.दुक्का गतिविधि नहीं रहा, यह एक संगठित तंत्र की तरह फैलता दिख रहा है। नहर किनारे धधकते भट्ठे, खेतों से उठती मिट्टी और हवा में तैरता धुआं ये दृश्य बताते हैं कि नियमों की अनदेखी अब सामान्य बात बन चुकी है। लाल ईंट के अवैध भट्ठों का जाल न केवल फैल चुका है, बल्कि अब वह संगठित रूप लेने लगा है। क्षेत्र में इन दिनों लाल ईंट का अवैध कारोबार खुलेआम फल- फूल रहा है। नहर किनारे संचालित हो रहे दर्जनों भट्ठे पर्यावरणीय नियमों की धज्जियां उड़ाते दिखाई दे रहे हैं। तेंदुभाठा, महुआपाली, जोगीडीपा एबम्हनपुरी, गिरसा,गगोरी, बेलडदुलाए हरदी, घरजरा गांवों के आसपास व नहर तटों पर दर्जनों अवैध ईंट भट्ठे सक्रिय व प्रत्यक्ष दिखाई दे रहे हैं। जिनमें वृहद मात्रा में लाखों की संख्या में ईंट निर्माण चल रहा है। जिसमे कृषि योग्य भूमि से उपजाऊ मिट्टी की बड़े पैमाने पर खुदाई कर उसे भट्ठों तक पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन दिखता है और न ही राजस्व संबंधी औपचारिकताओं का। दिन रात चल रहे इन भट्ठों से निकलता धुआं आसपास के बस्तियों की वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है, वहीं नहर किनारे की अनियंत्रित खुदाई से जल संरचना और खेतों की उर्वरता पर दीर्घकालिक असर की आशंका बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि जिला मुख्यालय की दूरी यहाँ से महज 10 किलोमीटर है मुख्यमार्ग पर रोज अधिकारियों का आना.जाना लगा रहता है जहाँ तेंदुभाठा, परसदा पुल के दोनों तरफ ये लाल ईंट के विशाल अवैध भट्ठे मुख्यमार्ग से प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं।

## साइबर कवच अभियान में 15 गिरफ्तार, 5.27 करोड़ से अधिक संदिग्ध लेनदेन का खुलासा

**झारसुगुड़ा ओडिशा।** चल रहे साइबर कवच अभियान के तहत झारसुगुड़ा पुलिस ने जिलेभर में विशेष प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए साइबर धोखाधड़ी और म्यूल फर्जी खातों के संचालन में संलिप्त 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 8 अन्य आरोपियों को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया। अभियान के दौरान 5.27 करोड़ से अधिक के संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता चला है। झारसुगुड़ा थाना मामला संख्या 86/2026, 6 आरोपी गिरफ्तार, 13 पासबुक, 8 एटीएम कार्ड, 6 मोबाइल जब्तय लगभग 2 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन।झारसुगुड़ा सदर थाना में 4 आरोपी 1 किशोर गिरफ्तार, 5 मोबाइल जब्तय 5.85 लाख, 5.88 लाख और 3.63 लाख के संदिग्ध लेनदेन। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह लोगों को बैंक खाते और केवाईसी दस्तावेज सौंपने के लिए बहकाता और फिर इन खातों का उपयोग म्यूल खातों के रूप में कर विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन धोखाधड़ी करता था।

### बाल सुधार गृह से भागने वाले 8 बरामद

**अंबिकापुर।** बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 5 बालिग़ समेत 13 अपचारी बालकों में से अब तक आठ को बरामद कर लिया गया है। इनमें एक बालिग़ भी शामिल है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से संचालित बाल सुधार गृह से 16 फरवरी की रात 5 बालिग समेत 13 अपचारी बालक सुरक्षाकर्मियों से मारपीट करने के बाद भाग निकले थे। इस मामले 17 फरवरी तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया था जबकि गांधीनगर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को बरामद किया है। इनमें से एक आरोपी बालिग है। पुलिस ने बाल सुधार गृह से भागने वाले आरोपी सुजल गौतम को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी गंभीर धाराओं में बंद था। पुलिस के अनुसार अंदर मौजूद 5 बालिग आरोपियों ने मिलकर भागने का प्लान बनाया था और अपने साथ नाबालिकों को भी शामिल कर लिया। आरोपी सुजल गौतम पूर्व में भी सुधार गृह से भाग चुका है।

---

स्व. दिलीप सिंह जूदेव को कार्यकर्ताओं ने किया याद

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय का युवाओं ने किया रक्त तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का धर्मनगरी कोतबा में प्रथम नगर आगमन ऐतिहासिक रहा। उनके स्वागत में पूरा नगर नारों से गूंज उठा। कारगिल चौक पर युवाओं ने रक्त से विजय आदित्य का तिलक कर उनका स्वागत किया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की अगुवाई में आयोजित इस स्वागत समारोह की शुरुआत कोतबा नगर सीमा से हुई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नव-नियुक्त जशपुर जिलाध्यक्ष विजय आदित्य जूदेव का धर्मनगरी कोतबा में प्रथम नगर आगमन पर ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। अपने जोशपूर्ण अंदाज और बेबाक भाषण के लिए पहचाने जाने वाले विजयादित्य सिंह जूदेव ने कोतबा की पावन धरा पर युवाओं में ऐसा जोश भरा कि पूरा माहौल ₹भारत माता की जय₹ और ₹जय श्री राम₹ ₹जय जय जूदेव₹ के नारों से गूंज उठा।कोतबा नगर की सीमा से अघरिया पारा,गौण पारा, परशुराम चौक,बस स्टैंड होते हुए रायगढ़िया चौक तक एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। इसके पश्चात विजय आदित्य जूदेव ने बूढ़ा महादेव मंदिर में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। यहाँ से कर्मा पार्टी की धुन पर पैदल नगर भ्रमण करते हुए उन्होंने नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। कारगिल चौक पर 'रक्त तिलक' के बाद युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें फलों से तौला (तुलादान) और कार्यक्रम स्थल पर आत्मीय स्वागत किया।कार्यक्रम स्थल में एक एक कर माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर कोतबा मण्डल के भाजपा नेताओं महिला मोर्चा व युवा मोर्चा,किसान मोर्चा सहित नगरवासियों ने आत्मिय स्वागत किया।




### विरासत के प्रहरी हैं विजयः आनंद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा ने युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय गुप्ता और उनकी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। श्री शर्मा ने स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की राजनीतिक विरासत और उनके अदम्य साहस को याद किया। उन्होंने उस ऐतिहासिक वाकये का जिक्र किया जब स्व. जूदेव ने मूंछों पर ताव देते हुए प्रतिज्ञा ली थी कि यदि तीनों विधानसभा सीटें नहीं जिता पाया, तो लोग मेरे नाम का कुत्ता पाल लें। उनके इसी आत्मविश्वास ने पार्टी को संकट से उबारकर ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। श्री शर्मा ने कहा कि आज उसी गौरवशाली विरासत को विजय आदित्य सिंह जूदेव आगे बढ़ा रहे हैं।

### मैं नेता नहीं, आपका बेटा और भाई हूं

मुख्य अतिथि विजय आदित्य सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। ओजस्वी उन्होंने अपने आदर्श और 'हिन्दू कुल तिलक' स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए माहौल को भावुक कर दिया। स्व. दिलीप सिंह जूदेव को नमन करते हुए कहा, ₹कुमार साहब आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे जशपुर के कण-कण में और हम सभी के दिलों में जीवित हैं।

### कलेक्टोरेट परिसर में नई पार्किंग व्यवस्था लागू, बनाया गया 6 जोन

**रायगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नई पार्किंग व्यवस्था लागू की है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग अलग छह पार्किंग जोन निर्धारित किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। यदि कोई वाहन निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं और खड़ा पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। नई व्यवस्था के तहत जिला कोषालय के पीछे पार्किंग 01 में कोषालय, खाद्य, नजरात, एनआईसी, खनिज, सांख्यिकी शाखा के कर्मचारी अपना वाहन रखेंगे। इसी जिला कोषालय के सामने बाउण्ड्री बॉल के पास पार्किंग 02 में शिकायत, राहत आपदा, डीएमएफ, लोक सेवा केंद्र एवं जनदर्शन शाखा के शासकीय दोपहिया वाहन खड़े किए जाएंगे। पार्किंग निर्मित शेड को पार्किंग 03 के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां वित्त शाखा, अधीक्षकए स्टेनो कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, कैंप कोर्ट तथा कक्ष क्रमांक 26, 27 एवं 28 से संबंधित वाहनों की पार्किंग होगी। छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा के सामने स्थित स्थल को पार्किंग 04 के रूप में निजी चार पहिया वाहनों के लिए आरक्षित किया गया है। सुलभ जन सुविधा केंद्र के सामने पार्किंग 05 में शासकीय एवं निजी दोपहिया वाहन खड़े किए जाएंगे, जिनमें श्रम, ट्राइबल, निर्वाचन, डीएमसी, नजूल, भू.अर्जन, पोस्ट ऑफिस एवं आबकारी विभाग से संबंधित वाहन शामिल हैं।



# क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है 'टॉक्सिक -ए फेयरी टेल'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज होने जा रही है। फिल्म के यूएई डिस्ट्रिब्यूटर फार्स फिल्म्स ने फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी अपनी वेबसाइट पर जारी की है। फिल्म टॉक्सिक की कहानी का प्लॉट 1940 और 1970 के गोवा में रचा गया है। वेबसाइट पर फिल्म के सिनॉप्सिस में लिखा गया है, '1940 के दशक से शुरू होकर 1970 के दशक के बीच गोवा में घटित होती 'टॉक्सिक' एक क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है जो स्वर्ग जैसी इस जमीन के नीचे पनप रहे करप्शन की गहराई में उतरती है। कहानी के बारे में लिखा गया है- सत्ता मुफ्त में नहीं मिलती, बल्कि छीनी जाती है।

लाइफ Style



# रश्मिका

## शादी की गेस्ट लिस्ट में कोई सेलिब्रिटी नहीं

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को लेकर कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 फरवरी को उदयपुर में शादी के बाद दोनों 1 महीने छुट्टी पर जाने वाले हैं। शादी की गेस्ट लिस्ट बहुत छोटी और निजी रखी गई है। इसमें किसी सेलिब्रिटी को न्योता नहीं दिया गया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। सोशल मीडिया पर शादी का कार्ड वायरल है। कथित तौर पर आगामी 26 फरवरी को दोनों उदयपुर में परिवार और बेहद करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लेने वाले हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह शादी बेहद प्राइवेट रहने वाली है। मेहमानों पर सेरेमनी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की पाबंदी लगाई गई है। वेडिंग वेन्यू पर 'नो-फोन पॉलिसी' लागू होगी। यानी कोई मेहमान अपना फोन अंदर नहीं ले जा पाएंगे। इस बीच चर्चा ये भी है कि रश्मिका मंदाना शादी के बाद काम से करीब 1 महीने का ब्रेक लेंगी। ऐसे में अब यह भी कहा जा रहा है कि रश्मिका और शाहिद 'कॉकटेल 2' के बाद अमित शर्मा की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में नजर नहीं आएंगे। उदयपुर में यह शादी बहुत प्राइवेट होगी, जिसमें सेलिब्रेशन 24 फरवरी से शुरू होंगे और 26 फरवरी को सात फेरों की सेरेमनी के साथ खत्म होंगे। गेस्ट लिस्ट बहुत छोटी रखी गई है। फोन अलाउड नहीं होंगे। यहां तक कि शादी की तस्वीरें कैप्चर करने वाली टीम से भी एनडीए (नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) पर साइन करवाया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# द ब्लफ का हुआ वर्ल्ड प्रीमियर

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में कलाकार और निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस और निक जोनस 17 फरवरी को लॉस एंजिल्स पहुंचे। प्रियंका और निक की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल नीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में हाल ही में प्रियंका चोपड़ा जोनस की आगामी फिल्म 'द ब्लफ' का विश्व प्रीमियर हुआ है। इसके प्रीमियर पर फिल्म की स्टार कास्ट के अलावा कई सेलेब्स ने शिरकत की। 'द ब्लफ' के प्रीमियर में निक जोनस का स्टाइलिश और रोमांटिक अंदाज दोनों देखने को मिला।




# जल्द लौटेगा हैना मोंटाना मेकर्स ने जारी किया टीजर

**लॉस एंजिल्स।** हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने की खुशी में माईली साइरस ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। जल्द ही इस शो का प्रीमियर होने जा रहा हैं। माईली साइरस के पॉपुलर शो हैना मोंटाना ने अपने बीस साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर मेकर्स एक खास शो रखा है। इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेगीं। साथ ही शो के सेट को दोबारा क्रिएट कर सीरीज के अनदेखे फुटेज भी शेयर किए जाएंगे। मेकर्स ने पोस्ट शेयर कर बताया कि हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने पर माईली साइरस सेट पर वापसी कर रही हैं। इस शो का प्रीमियर 24 मार्च को किया जाएगा। दर्शक इस शो को डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं। यह भी कहा गया है इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगी।



# प्रियंका को अभी नहीं कर सकती अफोर्ड...

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के अलावा प्रियंका चोपड़ा की कजिन बहन के तौर पर पहचानी जाती हैं। शादी के बाद वह फिल्मों से दूर थीं, लेकिन अब बतौर फिल्ममेकर उन्होंने साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' के साथ वापसी की। एक बातचीत में उन्होंने अपने कॅरियर, प्रियंका चोपड़ा की सलाह सहित कई विषयों पर बात की। बतौर फिल्ममेकर डेब्यू करने के बाद क्या वह आगे अपनी फिल्म में बहन प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने के बारे में सोचती हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए कहा, 'नहीं...नहीं। अभी तो मैं वो नहीं कर सकती। मैं अभी उनको एफोर्ड ही नहीं कर सकती हूं। मैं कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचती हूं। हां जब बड़ी फिल्ममेकर बन जाऊंगी तो एक दिन अपनी फिल्म में प्रियंका को कास्ट करना चाहूंगी।'



# श्रद्धा की ईथा का पुणे शेड्यूल पूरा...

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब श्रद्धा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ईथा' के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लावनी और तमाशा डांसर विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में श्रद्धा के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। अब शेड्यूल रैप होने के बाद दोनों कलाकारों का केक काटते वीडियो वायरल है। ईथा के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया। इसमें फिल्म की कास्ट और क्रू शामिल हुए। इसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और अभिनेता रणदीप हुड्डा से लेकर फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। अब केक काटने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

## टीवी मसाला



# अमिताभ का ट्वीट- अपनी आवाज अब अपनी ना रही

**नई दिल्ली।** 83 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'टी 5660 - अपनी आवाज़ अब अपनी ना रही !!!' इस पर यूजर्स ने धड़ाधड़ कमेंट्स किए। कुछ ने अमिताभ का साथ दिया, तो कुछ ने उनके साथ मसखरी की और खिंचाई शुरू कर दी। रणवीर शौरी ने भी इस पर रिएक्ट किया, अब तो अपनी शक्ल भी अपनी नहीं रही है। वहीं, लोग अमिताभ से कह रहे हैं कि ये शरीर भी अपना नहीं है, मिट्टी का है, तो फिर किसलिए घबरा रहे हो? शायद अमिताभ बच्चन की फिल्मों की इतना चर्चा नहीं होती होगी, जितनी उनके ट्वीट्स और ब्लॉग के पोस्ट की होती है। उनका हर ट्वीट तुरंत ही वायरल हो जाता है। ट्वीट भी ऐसे होते हैं कि कई बार तो यूजर्स को उनका मतलब समझ नहीं आता और वो कन्फ्यूज हो जाते हैं। कई बार अमिताभ बच्चन से ही मतलब पूछने लगते हैं। उनके पहेलियों भरे ट्वीट्स हमेशा ही सुर्खियां बटोरते हैं। अब अमिताभ बच्चन का नया ट्वीट भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी चर्चा हो रही है। एक यूजर का कमेंट है, 'ये बोलके एलेक्सा को कनफ्यूज मत कीजिए।' एक बोला, 'रेखा जी की होगी।' एक और कमेंट आया, 'जब लोगों ने अपना ज़मीर ही बेच दिया तो आवाज का तो क्या ही कहना।' एक बोला, '83 साल बोले अब गले को विश्राम दीजिए।' एक यूजर ने अमिताभ के ट्वीट पर रिप्लाई लिखा, 'सर, आवाज तो अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की हो गई, बस दुआ करिए कि 'परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन' अभी भी आपका ही रहे! वरना मोहल्ले के लड़के भी अब शहंशाह वाली आवाज में उधार मांग रहे हैं। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो अमिताभ बच्चन साल 2024 में आई फिल्म 'कल्कि 2898 **AD**' और 'वेट्टाइयां' में नजर आए थे। इसके बाद 2025 में उन्होंने फिल्म '120' में वॉइसओवर दिया।

## प्रेग्नेंसी ग्लो से चमक उठा सुरभि ज्योति का चेहरा



**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति मां बनने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सोशल मीडिया पर दी थी। अब उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए कुछ प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सुरभि ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 15 तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुरभि काफी खिली सी और आकर्षक नजर आ रही हैं। उनकी प्रेग्नेंसी ग्लो ने चेहरे की मुस्कान को और भी खूबसूरत बना दिया है। अपनी इन तस्वीरों में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई सुरभि ने लिखा है, 'जंगल में फूल की तरह धीरे-धीरे खिलना।' 'कुबूल है', 'नागिन' और 'इश्कबाज' जैसे सीरियल्स से मशहूर सुरभि ज्योति हमेशा से अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। प्रेग्नेंसी के समय अपने इस पोस्ट में अपने ग्रेसफुल अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं। पोस्ट पर सुरभि के इंडस्ट्री के दोस्तों और कलाकारों ने भी रिएक्ट किया है।

# हीरो ने मुफ्त में किया काम, डायरेक्टर ने भी नहीं ली फीस बड़े पर्दे पर उतार दी ऐसी कहानी, झटक लिए थे 35 अवॉर्ड

*नई दिल्ली। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि किसी फिल्म के हीरो और डायरेक्टर ने एक रुपया भी फीस न ली हो? साल 2014 में एक ऐसी फिल्म आई, जिसने बॉलीवुड के सारे समीकरण बदल दिए। बजट की कमी और कहानी के प्रति जुनून ऐसा था कि लीड हीरो और निर्देशक ने मुफ्त में काम करने का फैसला किया, ताकि सारा पैसा पर्दे पर कहानी उतारने में लगे। कश्मीर की वादियों में रची गई इस दर्दनाक दास्तां ने बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि अवॉड्र्स की दुनिया में भी तहलका मचा दिया और कुल 35 से ज्यादा अवॉड्र्स अपने नाम किए। आज भी इस फिल्म की गिनती भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े मास्टरपीस में होती हैं। बॉलीवुड में जब भी किसी कल्ट फिल्म या मास्टरपीस की बात होती है, तो विशाल भारद्वाज की 'हैदर' का नाम सबसे ऊपर आता हैं। साल 2014 में आई इस फिल्म ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई, बल्कि सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। शाहिद कपूर ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म को बनाने के लिए इसके लीड हीरो शाहिद कपूर और डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने एक रुपया भी फीस नहीं ली थी? जी हां, यह बिल्कुल सच हैं। विशाल भारद्वाज कश्मीर की वादियों में शेक्सपियर के 'हैमलेट' को उतारना चाहते थे, लेकिन बजट की कमी आड़े आ रही थी। फिल्म का विजन इतना बड़ा था कि अगर शाहिद और विशाल अपनी रेगुलर फीस लेते तो फिल्म शायद कभी बन ही नहीं पाती। दोनों ने तय किया कि वे फिल्म में पैसा लगाने के बजाय अपनी मेहनत इन्वेस्ट करेंगे। नतीजा यह हुआ कि फिल्म बनी और ऐसी बनी कि इसने अवाड्र्स जीतने में भी रिकॉर्ड खड़े कर दिए।*



## अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं कहानी

'हैदर' की कहानी 90 के दशक के अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं। हैदर (शाहिद कपूर) एक नौजवान है, जो अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने घर श्रीनगर लौटता हैं। उसे पता चलता है कि उसके पिता डॉक्टर हिलाल मीर गायब हो चुका है और उनके घर को सेना ने उड़ा दिया हैं। घर लौटने पर हैदर को सबसे बड़ा झटका तब लगता है, जब वह अपनी मां गजाला (तब्बू) को अपने चाचा खुर्रम (के के मेनन) के साथ खुश देखता हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, हैदर को पता चलता है कि उसके पिता की गिरफ्तारी और मौत के पीछे किसी और का नहीं, बल्कि उसके सगे चाचा का हाथ हैं।

# बाफ्टा 2026 में अवॉर्ड प्रेजेंटर बनेंगी आलिया भारत को फरहान अख्तर की बूंग से उम्मीदें

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को प्रतिष्ठित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने अवाड्र्स प्रेजेंटर्स में शामिल किया है। जी हां, **BAFTA** 2026 के मंच पर अब राहा की मम्मी भी नजर आएंगी। बाफ्टा ने एक लिस्ट जारी की है, जिसमें अवॉर्ड प्रेजेंटर्स के नाम हैं। ये वो दिग्गज हैं, जो 22 फरवरी को अवॉर्ड सेरेमनी में मंच पर विजेताओं के नाम का ऐलान करेंगे और उन्हें ट्रॉफी देंगे। इस लिस्ट में आलिया भट्ट के साथ ही 'ओपेनहाइमर' फेम किलियन मर्फी का भी नाम है। आलिया भट्ट के अलावा, बाफ्टा फिल्म अवाड्र्स के प्रेजेंटर्स की लिस्ट में किलियन मर्फी, एमी लू वुड, ब्रायन क्रैंस्टन, डेविड जोंसन, डेलरॉय लिंडो, गिलियन एंडरसन, ग्लेन क्लोज, ओलिविया कुक, पैट्रिक डेम्पसी, एरॉन पियरे, एलिसिया विकेंडर, एरिन डोहर्टी, हन्नाह वाडिंगहैम, कैथरीन हैन, केरी वाशिंगटन, लिटिल सिम्ज, मैगी गिलेनहाल, मिया मैककेना-ब्रूस, मिली एल्कॉक, मिन्नी ड्राइवर, नोआ जूप, रेगे-जीन पेज, रिज अहमद, स्टॉर्मजी और वारविक डेविस जैसे ग्लोबल नाम भी शामिल हैं।



## प्रियंका और दीपिका आ चुकी हैं नजर

बाफ्टा 2026 में कई नॉमिनी प्रेजेंटर के तौर पर भी काम करेंगे, इनमें एथन हॉक, माइकल बी. जॉर्डन, केट हडसन, माइल्स कैटन, एमिली वॉटसन और स्टेलन स्कार्सगार्ड शामिल हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आलिया भट्ट से पहले, ग्लोबल अवॉर्ड सेरेमनी में बुलाए गए दूसरे इंडियन एक्टर्स में प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण का भी नाम है। साल 2021 में प्रियंका चोपड़ा जोनस और 2024 में दीपिका पादुकोण इसमें शामिल हुई थीं।

## वन बैटल आफ्टर अनअदर को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा 2026 के नॉमिनेशन की बात करें तो पॉल थॉमस एंडरसन की लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनअदर' को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके बाद रयान कूगलर की वैम्पायर ड्रामा 'सिनर्स' को 13 नॉमिनेशन मिले हैं। क्लो झाओ की शेक्सपियरियन ड्रामा 'हैमनेट' और जोश सफ्डी की 'मार्टी सुप्रीम' को 11-11 नॉमिनेशन मिले हैं।

## राजेश खन्ना ने दिया था पहला बड़ा ब्रेक, 1971 के बाद बदली तकदीर

# हिंदी सिनेमा में सलीम-जावेद की जोड़ी को माना जाता है मील का पत्थर

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के इतिहास में सलीम-जावेद की जोड़ी को मील का पत्थर माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिग्गज साझेदारी को पहला बड़ा ब्रेक किसने दिलाया? सलीम-जावेद की जादुई कलम ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बना और खुद भी दोनों ने बॉलीवुड की रूपरेखा बदल के रख दी। लेकिन, क्या आप जानते हैं इस जोड़ी को पहली ब्रेक किसने दिया था? दोनों की जोड़ी को हिट कराने के पीछे एक सुपरस्टार का नाम हैं? दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान इन दिनों वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। 90 साल इस लेखक ने हिंदी सिनेमा की भाषा को ही बदलकर रख दिया। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि सलीम खान और जावेद अख्तर की इस महान जोड़ी को पहला बड़ा ब्रेक किस सुपरस्टार ने दिया था। जिसके बाद सलीम-जावेद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार और ऐतिहासिक फिल्में दीं।*



## अभिनय से किया था सिनेमा का सफर

सलीम खान का सिनेमा सफर लेखन से नहीं, बल्कि अभिनय से शुरू हुआ था। उन्हें पहला बड़ा अवसर फिल्म 'बारात' (1960) में मिला, जिसके लिए उन्हें 1000 रुपए साइनिंग अमाउंट और शूटिंग के दौरान 400 रुपए मासिक वेतन मिलता था। उन्होंने यह ऑफर स्वीकार किया और मुंबई आकर महिमा में किराए के फ्लैट में रहने लगे। 'प्रिंस सलीम' के स्क्रीन नाम से काम करते हुए उन्होंने करीब दो दर्जन फिल्मों में काम किया, जिनमें तीसरी मंजिल (1966), सरहदी लुटेरा (1966) और दीवाना (1967) शामिल हैं। 'तीसरी मंजिल' में उनका रोल काफी अच्छा था, लेकिन इसके बावजूद स्टारडम उनसे दूर रहा।

## सरहदी लुटेरा के दौरान हुई मुलाकात

'सरहदी लुटेरा' के दौरान ही सलीम खान की मुलाकात जावेद अख्तर से हुई। उस वक्त जावेद अख्तर क्लैपर बॉय का काम करते थे और बाद में निर्देशक एस.एम. सागर ने उन्हें डायलॉग राइटर बना दिया। दोनों अपने-अपने गुरुओं के यहां काम कर रहे थे, जो पड़ोसी हुआ करते थे। सलीम अबरार अल्वी के साथ स्क्रीनप्ले और डायलॉग लिखने में असिस्ट कर रहे थे, जबकि जावेद कैफी आजमी के साथ शायरी सीख रहे थे। इस नजदीकी के चलते दोनों की मुलाकातें बढ़ीं और जल्द ही उन्होंने साथ काम करने का फैसला किया। सलीम कहानी और प्लॉट पर फोकस करते थे, जबकि जावेद डायलॉग और कभी-कभी गीत लिखते थे।

## 24 फिल्मों में साथ किया काम



कुल मिलाकर उन्होंने 24 फिल्मों में साथ काम किया, जिनमें से 20 सुपरहिट रहीं। सलीम-जावेद को अब तक के सबसे सफल पटकथा लेखक के रूप में वर्णित किया जाता है। सलीम-जावेद ने हिंदी सिनेमा की भाषा बदली। 'एंग्री यंग मैन' युग लाए, अमिताभ बच्चन को स्टार बनाया। सबसे खास बात यह है कि वे भारतीय सिनेमा के पहले ऐसे लेखक थे, जिन्होंने सिर्फ लेखक के रूप में स्टार का दर्जा हासिल किया।

*हाथी मेरे साथी हुई जबरदस्त हिट : वह फिल्म थी 'हाथी मेरे साथी' (1971), जो जबरदस्त हिट हुई। इस सफलता ने सलीम-जावेद को एक विश्वसनीय पटकथा लेखक के रूप में स्थापित किया और बड़े अवसरों के द्वार खोल दिए। 'हाथी मेरे साथी' की सफलता के बाद जी.पी. सिप्पी ने उन्हें सिप्पी फिल्म्स के लिए रेजिडेंट स्क्रीनराइटर के रूप में हायर किया। उनकी पहली बड़ी सफलता अंदाज (1971) थी, उसके बाद अधिकार, हाथी मेरे साथी और सीता और गीता (1972) आईं।*

## खबर संक्षेप

### आईएमए ने दिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल को बेडशीट

**रायगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आईएमए रायगढ़ द्वारा सामाजिक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में 100 चादर बेडशीट प्रदान की गईं। यह सहयोग मरीजों की सुविधा और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.संतोष कुमार ने आईएमए रायगढ़ की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से मरीजों को बेहतर उपचार वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है।

### बिना अनुमति नहीं छोड़ सकते मुख्यालय

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक आहूत किया गया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के समस्त विभागों में पदस्थ एवं कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया है कि विधानसभा सत्र की अवधि में वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचना, आश्वासनों, अशासकीय संकल्पों, याचिकाओं तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं सूचनाओं पर निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदेश जारी किए हैं।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से ध्वनि प्रदूषण ;नियमन तथा नियंत्रणद्ध नियम 2000 छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध का आदेश जारी कर लागू किया है। विशेष एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ और बिलाईगढ़ द्वारा नियमानुसार सीमित अवधि, समय एवं शर्तों के अधीन अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

### भुईयां व्हाट्सऐप चैटबॉट से राजस्व सेवाओं का लाभ

**रायगढ़।** राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए भुईयां व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना है। अब जमीन से जुड़े कार्यों के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि वे घर बैठे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। चैटबॉट सेवा के जरिए नागरिकों को जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित विवरण, मोबाइल नंबर जोड़ने की सुविधा, आधार नंबर जोड़ने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब के लिए आवेदन तथा नामांतरण से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### एनटीपीसी ने दिया 295 बेडशीट

**घरघोड़ा।** एनटीपीसी तलाइपाली द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को 295 नग बेडशीट प्रदान की गई है। यह पहल स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता और मरीजों के लिए सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई है। एनटीपीसी द्वारा प्रदान की गई बेडशीट्स का उपयोग स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए किया जाएगा, जिससे उन्हें स्वच्छ और आरामदायक वातावरण मिल सके। इस योगदान से स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

## तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा व खरसिया के ग्रामों को मिलेगा बारहमासी संपर्क

# आदिवासी ब्लाकों में बिछेगा सड़कों का जाल 32 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पांच आदिवासी ब्लॉकों में सड़कों का जाल बिछ रहा है। इससे धरमजयगढ़, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा व खरसिया के लोग बारहमासी आवाजाही की सुविधा मिलेगी। शिक्षा स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच भी आसान होगा। जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से 32 करोड़ 12 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 14 सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रगतिरत हैं।

इन परियोजनाओं का लक्ष्य केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं हैए बल्कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करना है। लंबे समय से कच्चे, उबड़ खाबड़ और बरसात में बाधित होने वाले मार्गों के कारण ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंचने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब इन सड़कों के निर्माण से बारहमासी आवागमन सुनिश्चित हो सकेगा और ग्रामीण जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आएगा।





निर्माणाधीन सड़क और निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर।

### ऐसे जुड़ेगा रोड कनेक्टिविटी

धरमजयगढ़ विकासखंड में सेमीपाली से कोंधा, ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी, ससकोबा पाराघाटी रोड से बैगापारा तथा ग्राम पंचायत पुसल्दा से चितापाली तक सड़क एवं रिटर्निंग वॉल तमनार में पतरापाली से बरकसपाली, अमलीढोढ़ा पीएमजीएसवाई रोड से समकेरा गौरबहरी, पालीघाट तमनार से जोबरो, टी.10 बरकसपाली से रेगालबहरी तथा कांटाझरिया से सलिहारी, घरघोड़ा क्षेत्र में तुमीडीह से छर्राटांगर, कुडुमकेला से पुरी तथा घरघोड़ा लैलूंगा मुख्य मार्ग से कुरुंजखोल तक सड़क निर्माण कार्य जारी है। लैलूंगा ब्लॉक में गहनाझरिया सुकवासुपारा से लभनीपारा और खरसिया ब्लॉक में खड़गांव से गोड़पार बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क मुख्य सड़कों से स्थापित होगा और आंतरिक ग्रामीण संपर्क मार्गों को स्थायी मजबूती मिलेगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पिछले दिनों जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार विकासखंड अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत पतरापाली से बरकसपाली मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## मुआवजे की मांग को लेकर बिलाईगढ़ में आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अपर सोनिया जलाशय परियोजना से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर 19 फरवरी को इंदिरा मार्केट, बिलाईगढ़ में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। आंदोलन को श्संवैधानिक एवं अहिंसक आंदोलन का स्वरूप दिया गया, जिसमें प्रभावित किसानों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धरना प्रदर्शन भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के बैनर तले आयोजित किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने परियोजना से प्रभावित कृषक रमेशर उर्फ रामेश्वर के पक्ष में न्याय की मांग उठाई। आंदोलन का मुख्य नारा रहा भूमि गई पर मुआवजा आज तक नहीं, जिसके माध्यम से लंबित मुआवजा भुगतान के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मलुहा निवासी किसान रमेशर उर्फ रामेश्वर पिता चंदन सिंह की भूमि खसरा नंबर 1/6, कुल रकबा 1.800 हेक्टेयर में से 0.983 हेक्टेयर भूमि परियोजना अंतर्गत अधिग्रहित की गई है। आरोप है कि अधिग्रहण के बाद भी संबंधित किसान को अब तक निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में 05 फरवरी 2026 को लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किंतु अब तक कोई अंतिम आदेश या ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मुआवजा भुगतान में हो रही देरी से प्रभावित किसान एवं उनका परिवार आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है।

## फर्जी बीएससी अंकसूची के आधार पर नौकरी का मामला, सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

**बिलाईगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दलदली विकासखंड कसडोल में पदस्थ शिक्षक चंद्रराम यादव के विरुद्ध फर्जी बीएससी अंकसूची के आधार पर नौकरी प्राप्त करने की शिकायत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर द्वारा इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा से विस्तृत जांच प्रतिवेदन एवं सत्यापित दस्तावेज तलब किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि श्री यादव ने शिक्षाकर्मी वर्ग.2 की भर्ती के समय बीएससी की फर्जी अंकसूची प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त की। इस पर संज्ञान लेते हुए संभागीय कार्यालय रायपुर ने संबंधित अभिलेखों का अवलोकन कर सत्यापित प्रतिलिपि सहित स्पष्ट अभिमत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी, जांजगीर चांपा द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान चयन समिति द्वारा प्रस्तुत अंतिम चयन सूची के आधार पर चंद्रराम यादव का चयन किया गया था। अंकसूची के अनुसार उन्हें बीएससी परीक्षा में 1800 में से 1210 अंक 67.22 प्रतिशत दर्शाए गए थे। हालांकि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से वर्ष 2001 की बीएससी परीक्षा में उनके वास्तविक अंक




1800 में से 880 48.88 प्रतिशत पाए गए। जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत अंकसूचियों में भिन्नता पाई गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नियुक्ति के समय एवं कार्यभार ग्रहण करते समय अलग अलग अंकसूचियों की छायाप्रति प्रस्तुत की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने पत्र में इस विसंगति की पुष्टि करते हुए पूरी जानकारी संभागीय संयुक्त संचालक को प्रेषित कर दी है। अब प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### आभा से रखा जाएगा प्रत्येक व्यक्ति के बीमारी और इलाज का रिकार्ड

**सारंगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया किए आभा कार्ड आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का हिस्सा है, जो देशवासियों को डिजिटल हेल्थ आईडी प्रदान करता है। यह 15 अंकों का अद्वितीय नंबर है जो स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रखता है तथा विभिन्न अस्पतालों व डॉक्टरों के बीच साझा करने योग्य बनाता है। कार्ड बनाने के लिए आधार या मोबाइल नंबर से ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। यह डिजिटल सुरक्षित, निःशुल्क, गोपनीय और पेपरलेस है। आभा कार्ड से एकीकृत स्वास्थ्य डेटा, टेस्ट रिपोर्ट, प्रिस्क्रिप्शन, वैक्सीनेशन, इतिहास, एक जगह संग्रहित से तत्काल लाभ होगा।

## मेडिकल कॉलेज में घुटना टीकेआर कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी की सुविधा

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हो रही है, जिससे आमजन लाभान्वित हो रहे है। इसी कड़ी में स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के अस्थि रोग विभाग में घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरीकी अत्याधुनिक सुविधा पूरी तरह सुचारु रूप से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा से लंबे समय से जोड़ों की गंभीर समस्या और असहनीय दर्द से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है।

अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण जांगड़े के अनुसार गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना के बाद जोड़ों की क्षति अथवा लंबे समय से कूल्हे



और घुटने के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए यह सर्जरी अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। सर्जरी के पश्चात मरीज सामान्य जीवन की ओर तेजी से लौट रहे हैं और उनकी चलने-फिरने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि इन सर्जरी के माध्यम से मरीजों को वर्षों से चले आ रहे दर्द से स्थायी राहत मिलता है तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आता है। निजी अस्पताल में प्रति जोड़ एवं घुटना प्रत्यारोपण की सर्जरी में 2.5 से 3 लाख रुपए का खर्च होता हैं जो शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज का लाभ मिल रहा है।

## तुरंगा आश्रम में होगा स्वामी श्रद्धानंद बलिदान महोत्सव का आयोजन

**रायगढ़।** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन राष्ट्रजागरण, शिक्षा प्रसार सामाजिक समरसता एवं धर्मरक्षा के महान संकल्प को समर्पित रहा। उन्होंने समाज को आत्मगौरव, स्वाभिमान और संगठन का संदेश दिया तथा अपने अद्वितीय बलिदान द्वारा सनातन संस्कृति की रक्षा का अमर आदर्श स्थापित किया।



उनका जीवन आज भी राष्ट्रनिर्माण और सांस्कृतिक जागरण की प्रेरणा प्रदान करता है। इस आयोजन में संत महात्माओं, विद्वानों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के अनेक गणमान्य महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उनके उद्बोधन एवं आशीर्वचन से हम सभी को स्वामी जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा प्राप्त होगी। महामहिम राज्यपाल के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु आज जिला प्रशासन की पूरी टीम ग्राम तुरंगा पहुंची। इस दौरान कलेक्टर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं तहसीलदार सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए, ताकि आयोजन सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## 75 फीसदी से कम उपस्थिति, 62 छात्रों का जारी नहीं हुआ था एडमिट कार्ड

**सरसींवा।** नगर पंचायत सरसीवा स्थित स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के 40 विद्यार्थियों में 10वीं के 14 और कक्षा 12वीं के 26 छात्र शामिल हैं। इनकी 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति के आधार पर प्रारंभिक रूप से प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड जारी नहीं किए गए थे। इसी तरह सेजेस सारंगढ़ के 22 छात्र भी इसी समस्या से जूझ रहे थे। 62 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटकता नजर आ रहा था। सूत्रों के अनुसार विद्यालय स्तर पर उपस्थिति के मानक को आधार बनाकर प्रवेश पत्र रोके जाने के बाद अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त हो गई। परीक्षा से वंचित होने का खतरा वास्तविक था। इसी दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वेदराम जांगड़े ने उक्त मामले को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए प्राचार्य, डीईओ और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाए।

कलेक्टर स्तर पर पत्राचार और माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों से सतत संवाद के बाद विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कराए गए। उनका कहना है कि यह पहल पूरी तरह विद्यार्थियों के हित में की गई और इसका उद्देश्य किसी प्रकार का राजनीतिक लाभ नहीं, बल्कि बच्चों का एक शैक्षणिक वर्ष बचाना था। जहां एक ओर प्रवेश पत्र जारी होने से छात्रों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली हैए वहीं दूसरी ओर राजनीतिक श्रेय को लेकर आरोप प्रत्यारोप ने मामले को नया रंग दे दिया है। बहरहाल इस विवाद के बीच सबसे बड़ी सच्चाई यही है कि बच्चों का भविष्य किसी भी राजनीतिक द्वंद्व से ऊपर है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जांगड़े ने कहा कि शिक्षा की पवित्रता तभी बनी रह सकती है, जब सेवा की भावना दिखावे पर भारी पड़े और श्रेय से अधिक प्राथमिकता छात्रों के हित को दी जाए।

## शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली वाशिंग मशीन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के विशेष प्रयास से एसईसीएल साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बरौद जिला रायगढ़ छग द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को 02 नग 12 किलोग्राम का



वाशिंग मशीन प्रदान की गई है। यह पहल स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। वाशिंग मशीन का उपयोग स्वास्थ्य केंद्र में बिस्तर की चादरें, तौलिए और अन्य कपड़ों को धोने के लिए किया जाएगा, जिससे मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस योगदान से स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। एसईसीएल के इस प्रयास की सराहना करते हुए, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ सेतराम पैकरा ने कहा एसईसीएल द्वारा प्रदान की गई वाशिंग मशीन हमारे स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है।

## बैठक से नदारद रहे शिक्षक डीईओ ने जारी किया नोटिस

**बरमकेला।** पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस बरमकेला के 10 शिक्षकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी की गई है। यह कार्रवाई डीईओ की ओर से की गई है। 18 फरवरी को आयोजित एक बैठक से ये शिक्षकों गायब रहे।

जानकारी के अनुसार बैठक की सूचना पूर्व में सभी को दी गई थी। बैठक को बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं के मद्देनज़र अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया था। इसके बावजूद संबंधित शिक्षकों का बैठक में उपस्थित नहीं होना शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही माना गया है। प्रशासन ने इस कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में रखते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिस शिक्षकों को नोटसि जारी की गई है उसमें दया सागर चौहान व्याख्याता, सचिदानंद नायक व्याख्याता, रामकिशोर सिंह शिक्षक, श्रीमती मालती नायक सहायक शिक्षक विज्ञान, श्रीमती सुंदरा सतपथी शिक्षक, श्रीमती सविता नायक सहायक शिक्षक




> बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। पीएम सेजेस बरमकेला में कई शिक्षक बैठक में अनुपस्थित रहे। संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।
>
> **जे आर डहरिया**
> **डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़**

विज्ञान, कु. सुधा पटेल व्याख्याता, श्रीमती खुशबू चन्द्रा कम्प्यूटर शिक्षक श्रीमती जया प्रधान शिक्षक हेल्थ केयर हरिश चन्द्राकर शिक्षक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, सूत्रों के अनुसार हाल ही में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों एवं संस्थागत अनुशासन को लेकर विभाग विशेष रूप से सक्रिय है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित की गई थी। ऐसे में अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया गया है।

### एनटीपीसी प्रमुख से प्रभावित गांव के सरपंचों ने की मुलाकात

**पुसौर।** एनटीपीसी प्रभावित ग्राम पंचायत देवलसुरा के युवा सरपंच कृष्णा डनसेना के अगुवाई में क्षेत्र के ग्राम पंचायत लारा के सरपंच गोविंद गुप्ता, छपोरा के धनेश्वर प्रधान, घुटकुपली के सुरेश चौधरी, महलोई के तरुण प्रधान, रेंगलपाली के सुदामा चौहान आदि ने नव पदस्थ मुख्य कार्य पालन अधिकारी सुभाष ठाकुर से सौजन्य मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान, सरपंचों ने श्री ठाकुर को पुष्पगुच्छ भेट किया और कुशल ख़ेम पूछा। श्री ठाकुर ने पंचायतों में चल रहे मूलभूत आवश्यकता यथा पेय जल व्यवस्था, सड़क सुविधा, ग्रामों के स्वच्छता के नाली व्यवस्था, सफाई, जल स्त्रोतों का विकास, नवयुवकों के रोजगार, महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लघु उद्योग आदि पर चर्चा किया। इस संबंध में कृष्ण डनसेना ने कहा कि हमारी सौजन्य मुलाकात का समय छोटा रहा लेकिन वह सारगर्भित रहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से श्री ठाकुर ने चर्चा किया उस हिसाब से क्षेत्र में विकास के नए नए अवसर आने के संकेत मिल रहे हैं।







